प्रादेशिक समाचार
05.09.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. जेपीएसी परीक्षा में कथित अनियमितता मामले में पूर्व अध्यक्ष एल खियांग्ते को राहत नहीं; रांची की विशेष अदालत ने खारिज की जमानत याचिका।

2. शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति ने प्रदान किए राष्ट्रीय पुरस्कार; धनबाद की मुनमुन भट्टाचार्य भी सम्मानित, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।

3. वोटर लिस्ट गड़बड़ी की जांच के लिए सीईओ के. रवि कुमार पहुंचे संथाल परगना; पाकुड़ में फर्जीवाड़े के आरोप में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज।

4. हजारीबाग के मेरु कैंप में बीएसएफ की भव्य पासिंग आउट परेड; 140 नव–आरक्षकों ने ली देश सेवा की शपथ।

5. जमशेदपुर में राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का दूसरा दिन; सात जिलों के 154 खिलाड़ी दिखा रहे हैं दमखम, कल खेले जाएंगे फाइनल मुकाबले।

********************

रांची की अपर न्यायायुक्त की अदालत ने जेपीएससी परीक्षाओं में अनियमितता के मामले में जेल में बंद आयोग के पूर्व अध्यक्ष एल खियांग्ते की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सीआईडी ने जमानत का कड़ा विरोध करते हुए आरोप लगाया कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी चयन में उनकी भूमिका थी और उन्होंने करीब 2 करोड़ रुपये का कमीशन लिया था।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 प्रदान किए। देश के 69 शिक्षकों के साथ धनबाद की मुनमुन भट्टाचार्य को भी इस राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। वह इस वर्ष झारखंड की एकमात्र शिक्षिका हैं, जिन्हें सरकारी स्कूल में अंग्रेजी शिक्षा को सुगम बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षकों से पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के जीवन को संवारने और उनका बचपन सुरक्षित रखने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि हर बच्चे के भीतर की मासूमियत को जीवित रखने के लिए शिक्षकों को भी अपने भीतर के बच्चे को जीवित रखना चाहिए।

********************

शिक्षक दिवस पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन कर शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। राजभवन में राज्यपाल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया, वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एआई और आधुनिक तकनीक के जरिए बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है।

********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार मतदाता सूची पुनरीक्षण की जांच के लिए संथाल परगना के 4 दिवसीय दौरे पर हैं। पहले दिन पाकुड़ के आहुत गांव में जांच के दौरान फर्जी दस्तावेजों से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के प्रयास का खुलासा हुआ। सीईओ के निर्देश पर 4 अपात्रों और एक सीएससी संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण के दौरान ऑनलाइन प्रमाणपत्र जारी करने के सरकारी आदेश से पारदर्शिता पर असर पड़ सकता है। श्री मरांडी ने निर्वाचन आयोग से निष्पक्ष सत्यापन की मांग की है।

********************

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने राज्य सरकार पर विपक्ष के विधायकों की रेकी कराने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के आवास के सामने हाई रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरा लगाना लोकतंत्र में एक बड़ा अपराध है। उन्होंने इस मामले में पुलिस से 48 घंटे बाद भी खुलासा न होने पर सवाल उठाए हैं।

********************

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने झारखंड परीक्षा लीक मामले को पेपर की लूट करार दिया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने विपक्षी दलों, विशेषकर राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि परीक्षा के मुद्दे पर दिल्ली में शोर मचाने वाले नेता झारखंड के अभ्यर्थियों के भविष्य पर मौन साधे हुए हैं।

********************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड में प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज एफआईआर को लेकर राज्य सरकार और विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि परीक्षा धांधली की सीबीआई जांच होनी चाहिए क्योंकि यहां युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है।

********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव मिथिलेश ठाकुर ने दावा किया है कि राज्य सरकार की नीतियों से छात्र पूरी तरह संतुष्ट हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्रों के विरोध के पीछे भाजपा का राजनीतिक एजेंडा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी परीक्षाओं में युवाओं को पारदर्शी अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

********************

बोकारो के बिरसा आश्रम में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और सांसद ढुलू महतो ने कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी के सेवा एवं राष्ट्रनिर्माण के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

********************

बोकारो के शिबू सोरेन स्मृति भवन में आज झारखंड आंदोलनकारियों के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा और एसपी नाथू सिंह मीणा ने आंदोलनकारियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि यह सम्मान उनके ऐतिहासिक संघर्ष और बलिदान के प्रति कृतज्ञता है।

********************

हजारीबाग के मेरु कैंप में सीमा सुरक्षा बल का भव्य दीक्षांत परेड आयोजित किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आए 140 नव–आरक्षकों ने 44 सप्ताह का कड़ा बुनियादी प्रशिक्षण पूरा कर देश सेवा की शपथ ली। महानिरीक्षक धीरेंद्र संभाजी कुटे ने जवानों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

********************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में द्वितीय झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का रोमांच आज दूसरे दिन भी जारी रहा। सात जिलों के 154 खिलाड़ी अंडर–11 से लेकर सीनियर वर्ग में अपनी रैंकिंग के लिए मुकाबला कर रहे हैं।

*******समाप्त********